

हरिभूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 6 नवंबर 2026







समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...

Hero

श्री कमला ऑटो

बलौदा

कम खर्च में... ज्यादा सफर



हर सफर में साथ है
Canvas Self
Hero HF Deluxe

शो रूम कीमत
रू 59,999/-

ऑन रोड कीमत
रू 72,000/-

बेहतरीन माइलेज

कम मेंटनेंस कम खर्च

मजबूत 97.2CC इंजन

Hero HF Deluxe
Canvas Self मजबूती भी..... माइलेज भी....

सबसे सस्ती
किफायती कीमत पर...



प्रो.गोविंद राम देवांगन

आज ही खरीदें





5000 रु से 25000 रु तक कैश डिस्काउंट

हेलमेट फ्री प्रत्येक गाड़ी पर

फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है

न्यूनतम डाउनपेमेंट पर पर फाइनेंस न्यूनतम कागजी कार्यवाही के साथ

तत्काल फाइनेंस सुविधा उपलब्ध

Hero

सही चुनाव... हर परिवार के लिए

नियम शर्तें लागू : सीमित समय के लिए खुलने का समय-सुबह 09 बजे से शाम 08 बजे तक

100 सीसी के गाड़ी पर लागू नहीं

श्री कमला ऑटो कोरबा रोड बलौदा

मो.नं. 9926515216, 9752623940



हरिभूमि

जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 6 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

खबर संक्षेप

बिर्रा अंचल के गांवों में लक्ष्मी पूजा आज से

बिर्रा। बिर्रा एवं आसपास के गांवों में विभिन्न समितियों के द्वारा लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम का आयोजन मूर्ति स्थापना के साथ शुक्रवार 6 नवंबर से किया जाएगा। इस दौरान माता सेवा जस गीत प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। यह लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम लगातार 10 नवंबर मंगलवार तक चलेगा। इसके बाद मूर्ति विसर्जन करके कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम का बिर्रा अंचल के दर्जनों गांवों में आयोजन समितियां के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है।

स्कूल में आज से दीपावली के लिए 6 दिन की छुट्टी

शिवरीनारायण। दीपावली पर्व को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी स्कूलों में 6 नवंबर से 11 नवंबर तक दीपावली अवकाश की घोषणा की गई है। छुट्टी की खबर मिलते ही विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी की चमक देखने को मिली। दीपावली का यह पर्व बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है। स्कूलों में छुट्टियां शुरू होने के साथ ही अब विद्यार्थियों में भी दीपावली के स्वागत की तैयारियां दिखाई देने लगी हैं। घरों में साफ-सफाई, सजावट, दीपों और मिठाइयों की तैयारी के बीच बच्चों की खुशियां त्योहार के उत्साह को और बढ़ा रही हैं।

आंगनबाड़ी केन्द्र सांकर में सहायिका पद के लिए आवेदन 10 तक

जांजगीर-चांपा। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सांकर क. 1 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त होने के कारण भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा ने बताया कि 10 नवम्बर तक ऑनलाईन लिंक मे के माध्यम से अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल डाउनलोड करते हुए आवेदन कर सकतें है। नियत समय के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

प्रशिक्षण संचालन के लिए संस्थाओं से 13 तक लिए जाएंगे आवेदन

जांजगीर-चांपा। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी जांजगीर-चांपा में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन के लिए चैनल पार्टनर के चयन हेतु इच्छुक संस्थाओं से निर्धारित प्रपत्र में रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज ने बताया कि इच्छुक संस्थाएं निर्धारित तिथि एवं समय तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी के कार्यालय के सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

जिले के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में करोड़ों के कारोबार की उम्मीद

धनतेरस का बाजार गुलजार दीपों का पर्व दीपावली आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धनतेरस के लिए बाजार पूरी तरह सजकर तैयार है। इस बार त्योहारों में खरीदारी के लिए उमड़ रहे ग्राहकों को ध्यान में रखकर व्यापारी अपने दुकानों में पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मंगा लिए है। खरीदारी में लोगों के उत्साह को देखते हुए इस वर्ष धनतेरस में करोड़ों रुपए का कारोबार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

साल का सबसे बड़ा त्यौहार रविवार 8 नवंबर को मनाया जाएगा। । इसकी शुरूआत शुक्रवार 6 नवंबर को धनतेरस के साथ हो रही है। धनतेरस को लेकर धार्मिक मान्यता है कि इस दिन खरीदी करने से धन धान्य की बढ़ोतरी होती है। इसको लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर समेत जिले के चांपा, अकलतरा, पामगढ़, बम्हनीडीह, शिवरीनारायण, बलौदा सहित जिले के अन्य शहरों व कस्बाई क्षेत्र के दुकानों में रौनक बढ़ गई है। धनतेरस की खरीदी को शुभ माना गया है यही वजह है कि इलेक्ट्रानिक आयटम, दो पहिया और चार पहिया वाहनों के अलावा सोने चांदी के ज्वेलरी का एडवांश बुकिंग करा लिए हैं। धनतेरस पर सोना, चाँदी, पीतल, आभूषण, बर्तन, नए कपड़े सहित अन्य सामान खरीदने की परंपरा है। इस दिन धनिया और झाड़ू खरीदना भी काफी शुभ माना जाता हैं। सोना चांदी के दामों में रिकार्ड बढ़ोतरी के बावजूद सोना-चांदी के गहनों की डिमांड बनी हुई है। इसके चलते धनतेरस के शुभ मुहूर्त में इसके अच्छी बिक्री होने की उमीद है। इस दिन चांदी के लक्ष्मी और गणेश वाले 5 से 10 ग्राम वजनी सिक्कों के अलावा लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, चांदी की थाली, कटोरी, गिलास और चमच की डिमांड सबसे अधिक होती है, जिसके चलते इनकी अच्छी स्टॉक तैयार हैं। धनतेरस के लिए बर्तन दुकानदारों ने भी अच्छी तैयारी की है। इस दिन पीतल के बर्तन खरीदना शुभ माना जाता था लेकिन आज लोग अपनी सुविधा के अनुसार जरूरत के बर्तन खरीदते हैं। ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी इस बार वाहनों की अच्छी बुकिंग हुई है। ग्राहकों को कई तरह के आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। वाहनों की पूछपरख और ग्राहकों का उत्साह को देखते हुए इस सेक्टर में लगभग 50 फीसदी उछाल आने की संभावना है। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक, कपड़ा, जनरल स्टोर्स आदि दुकानों में भी रौनक देखी जा रही है।



शहर के कचहरी चौक में लगी पूजा सामग्री और सजावटी सामान की दुकानें।

महंगाई पर भारी दीपावली की चमक, सोने-चांदी की दुकानों में उमड़ी खरीदारों की भीड़

शिवरीनारायण। देशभर में सोने और चांदी की कीमतें आसमान छू रही हैं, इसके बावजूद दीपावली के अवसर पर बाजारों में खरीदारों का उत्साह कम नहीं हुआ है। धनतेरस और दीपावली को देखते हुए नगर की सोने-चांदी की दुकानों में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। महंगाई को दरकिनार कर लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। कोई आभूषण खरीद रहा है तो कोई परंपरा के अनुसार चांदी के सिक्के और पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहा है। नगर के प्रतिष्ठित राजू राजा ज्वेलर्स के संचालक मदन सोनी ने बताया कि इस बार दीपावली के सीजन में शादी-ब्याह के सीजन से भी अधिक ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। लोग अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार छोटी-बड़ी खरीदारी कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले दो-तीन दिनों तक बाजार में इसी तरह रौनक बनी रहेगी और स्वर्ण कारोबारियों को अच्छा व्यापार मिलेगा। मदन सोनी ने बताया कि शिवरीनारायण आदिकाल से ही व्यापारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और दूसरे नगरों से भी लोग यहां खरीदारी करने पहुंचते हैं। यही कारण है कि नगर के सराफा बाजार में हमेशा से अच्छी व्यापारिक गतिविधियां देखने को मिलती रही हैं। दीपावली सोने-चांदी की बढ़ती कीमतें भी ग्राहकों के उत्साह को कम नहीं कर पा रही हैं। बाजार की रौनक और दुकानों में उमड़ती भीड़ को देखते हुए कहा जा सकता है कि इस बार दीपावली स्वर्ण कारोबारियों के लिए अच्छी कमाई का अवसर लेकर आई है।

आज होगी धनवंतरी की पूजा

धनतेरस पर धन की देवी मां लक्ष्मी की स्थापना के साथ आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी की पूजा करने का विधान है। इसको लेकर घरों में साफ सफाई के साथ पूजा की तैयारी हो गई है। वैसे तो दीपावली पर दीया जलाने की शुरूआत धनतेरस से होती है, लेकिन बिजली के झालर पहले दिन से ही लग गए है।

प्राधिकृत अधिकारी की मनमानी कार्रवाई निरस्त , सोसाइटी कर्मचारी हुए बहाल

सेवा सहकारी समिति पोड़ी दलहा का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अकलतरा ब्लाक के पोड़ी दलहा सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रबंधक समेत तीन कर्मचारियों के खिलाफ मनमाने तरीके से बर्खास्तगी करने की कार्रवाई को उप पंजीयक न्यायालय ने अनुचित ठहराते हुए तीनो कर्मचारियों को बहाल करने के आदेश दिए है।

इस संबंध में न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जांजगीर-चांपा ने प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की गई बर्खास्तगी की कार्रवाई को अनुचित मानते हुए निरस्त कर दिया है और तीनों कर्मचारियों की सेवा बहाल करने का आदेश जारी किया है। एक माह से अधिक चली सुनवाई के बाद 2 नवंबर को यह फैसला आया है। जानकारी के अनुसार अकलतरा विकासखंड के ग्राम पोंडी दलहा में संचालित प्राथमिक कृषि साख समिति का संचालन शासन स्तर से नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से किया जा रहा है। प्राधिकृत अधिकारी ने संस्था में कार्यरत तीन कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया था।बर्खास्त कर्मचारियों में समिति प्रबंधक भारतेंदु सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर अजय श्रीवास और चौकीदार हर प्रसाद निर्मलकर शामिल हैं। इन पर बिना सूचना दिए संस्था से अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया गया था। जबकि बगैर सूचना अनुपस्थित के मामले में बर्खास्त की कार्रवाई नहीं होती। इधर बर्खास्तगी की कार्रवाई से असंतुष्ट तीनों कर्मचारियों ने न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जांजगीर-चांपा में याचिका प्रस्तुत कर न्याय की मांग की थी। मामले में एक माह से अधिक समय तक सुनवाई चली। इस दौरान सक्षम पीठासीन अधिकारी श्रीमती मंजू पांडे ने दोनों पक्षों के वाद-प्रतिवाद सुनने के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने पाया कि प्राधिकृत अधिकारी की कार्रवाई नियमानुसार नहीं है, इसलिए उसे निरस्त किया जाता है। न्यायालय ने तीनों कर्मचारियों को तत्काल सेवा में बहाल करने का निर्देश दिया है।

त्यौहार में सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, बाजारों में रहेगी कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दीपावली पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अलर्ट हो चुकी है। त्यौहार के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और लोगों की आवाजाही को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतने की तैयारी की है। प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, सराफा दुकानों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में फिक्स पॉइंट निर्धारित कर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही पेट्रोलिंग टीमें लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखेंगी। पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बाजारों में चोरी, उठाईगिरी, जेबकटमारी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस जवान मुस्तैद रहेंगे। वहीं यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना नजदीकी थाना पुलिस कंट्रोल रूम जांजगीर के मोबाइल नंबर 9479193199 अथवा डायल 112 पर देने की अपील की गई है।

चिटफंड कंपनी के संचालकों को 10-10 साल सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कम समय में रकम दोगुना करने का झांसा देकर लोगों के साथ ठगी करने वाले ि चटफंड कंपनी के दो संचालकों को 10-10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार थाना क्षेत्र के डिगेश्वर कुमार साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रकम दोगुना करने का झांसा देकर उसके साथ ठगी की गई है। डिगेश्वर साहू ने अपनी शिकायत में बताया कि चिटफंड कंपनी में ट्रेडिंग करने पर 12.5 प्रतिशत प्रति माह ब्याज मिलने की बात कहकर एजेंट ने उसे अपने झांसे में लिया। झांसे में आकर उसने 11 जनवरी 2024 से 21 जून 2024 तक अलग अलग किश्त में 23 लाख 50 हजार रुपए का निवेश किया। इसके बाद उसे ब्याज की कोई राशि नहीं मिली तो ठगी का एहसास होने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। डिगेश्वर साहू की रिपोर्ट पर बाराद्वार थाने में चिटफंड कंपनी के संचालक नूरजहा बेगम एवं राजन रत्न कुजुर एवं अन्य के खिलाफ अपराध कायम किया गया। मामले में धारा 420, 34 तथा छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों के संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध कायम किया गया। ि ववेचना के बाद नूरजहा बेगम एवं राजन रत्न कुजूर को गिरफ्तार कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत ि किया गया। विशेष न्यायाधीश जयदीप गर्ग ने प्रकरण की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान दस्तावेजी साक्ष्य और 10 गवाहों के बयान के आधार पर न्यायाधीश ने राउरकेला (ओडिसा) की नूरजहां बेगम और सुंदरगढ़ (ओडिसा) के राजन रत्न कुजूर को धोखाधड़ी का दोषी पाया। दोनों को भादंवि की धारा 420, 34 के लिए 7-7 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया। इसी तरह छग निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम की धारा 10 के लिए 10-10 सश्रम कारावास एवं 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर क्रमशः 7-7 माह एवं 10-10 माह का सश्रम कारावास भुगताने का दण्डादेश जारी किया गया। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने की।

डगनिया तालाब में सज रहा लाखों का जुआ फड़, पुलिस की कार्रवाई पर सवाल

हसौद। हसौद थाना क्षेत्र में बेखौफ जुए का अवैध कारोबार चलाया जा रहा है। हसौद समेत आसपास के कई छोटे-छोटे गांव में जुआ फड़ संचालित हो रहा है। हसौद के डगनिया तालाब में दिन रात काटपत्ती नमक जुआ संचालित किया जा रहा है। जैजैपुर, डभरा, धमनी, नरियरा, तुसार समेत सक्ती जिले के नामचीन जुआरी इस खेल में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। दूसरे जिलों के जुआरियों की भी यहां आमद होने की जानकारी सामने आ रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार डगनिया तालाब के पास तीन से चार दर्जन से अधिक लोग एक साथ जुआ खेलने पहुंच रहे हैं। दोपहर बाद शुरू होने वाला यह खेल देर रात तक चलाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस अधिकारियों को जुए से जुड़े मामले की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि दीपावली त्यौहार नजदीक आने के पूर्व से ही डंगनिया तालाब के पास 3 से 4 दर्जन जुआरी फड लगाकर जुआ खेल रहे है। खास बात यह है कि जुआ खेलने की जानकारी हसौद पुलिस को भी है लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो पाने के चलते जुआरियों के हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है।

10 नवंबर से जारी होंगे टोकन, घर बैठे मिलेगी सुविधा

जिले में 129 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। खरीदी को लेकर तीन नए केन्द्र बनाए गए है। वहीं 96 समितियों के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी। इस तरह से देखा जाए तो 129 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदा जाएगा।

गौरतलब है कि शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अवधि 15 नवंबर से 15 जनवरी तक निर्धारित की गई है। धान खरीदी प्रारंभ होने के 5 दिन पूर्व अर्थात 10 नवंबर से किसानों को टोकन जारी किए जाएंगे। किसान अपनी सुविधा अनुसार आगामी दो महीने के किसी



भी दिन का टोकन प्राप्त कर सकेंगे। जिले की 96 सहकारी समितियों के अंतर्गत कुल 129 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा जिले में 3 नवीन धान उपार्जन केंद्र भी प्रारंभ किए गए हैं तथा सभी 129 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी संबंधी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। इस वर्ष शासन द्वारा धान कॉमन का समर्थन मूल्य 2441 रुपए प्रति क्विंटल एवं धान ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य 2461 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। प्रति एकड़ धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल लिंकिंग सहित निर्धारित की गई है। किसानों को समिति में टोकन प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों से राहत दिलाने एवं समय की बचत के उद्देश्य से इस वर्ष भी तुंहर टोकन मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पंजीकृत किसान गूगल प्ले स्टोर से अपने मोबाइल में ऐप डाउनलोड कर घर बैठे टोकन प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए किसानों को सर्वप्रथम ओटीपी आधारित पंजीयन करना होगा। शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार प्रतिदिन की खरीदी सीमा का 70 प्रतिशत टोकन मोबाइल ऐप के माध्यम से तथा 30 प्रतिशत टोकन संबंधित समिति के माध्यम से जारी किए जाएंगे। ऑनलाइन टोकन की निर्धारित 70 प्रतिशत सीमा में से 80 प्रतिशत टोकन लघु एवं सीमांत किसानों तथा 20 प्रतिशत टोकन बड़े किसानों के लिए निर्धारित किए गए हैं। टोकन व्यवस्था के तहत 2 एकड़ तक वाले लघु किसानों को 1 टोकन, 2 एकड़ से अधिक एवं 10 एकड़ तक वाले सीमांत किसानों को 2 टोकन तथा 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले बड़े किसानों को 3 टोकन जारी करने का प्रावधान किया गया है। धान की खरीदी बायोमेट्रिक आधारित प्रणाली से की जाएगी।





'रामायण' हिंदी में दिखेगी पूरी, काटे गए गाने-सीन

मुंबई। रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश ने 'रामायण' के नए अंतरराष्ट्रीय संस्करण पर चर्चा की है। अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए, फिल्म के अंग्रेजी संस्करण को 30 मिनट छोटा कर दिया गया है, यानी इसमें गाने और कुछ सीन हटा दिए गए हैं। रणबीर ने मजाक में कहा कि अगर आप 'पूरी' रामायण का अनुभव लेना चाहते हैं, तो इसे हिंदी में देखें। साई ने भी बताया कि इन बदलावों का असर सिर्फ संगीत पर नहीं, बल्कि कहानी के कुछ खास पलों पर भी पड़ा है। यश ने समझाया कि उनकी टीम चाहती थी कि जो दर्शक रामायण के सभी किरदारों से ज्यादा वाकिफ नहीं हैं, उनके लिए कहानी समझना आसान रहे, इसीलिए फिल्म में कुछ एडिटिंग करनी पड़ी।

लाइफ Style



श्रद्धा

आलोचना के बीच ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब के सेशन के दौरान फैंस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन आलोचना और नकारात्मक टिप्पणियों पर अपनी राय रखी।

श्रद्धा ने कहा कि वह ऐसे कमेंट्स का जवाब देने में समय गंवाने के बजाय अपने काम पर ध्यान देना पसंद करती हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब आगामी फिल्म 'ईथा' में उनके मराठी लहजे और संवाद अदायगी को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। श्रद्धा से बातचीत के दौरान जब एक फैन ने पूछा कि वह आलोचनाओं से कैसे निपटती हैं, तो श्रद्धा ने कहा, सच कहूं तो, मैं आलोचनाओं को संभालती ही नहीं। इसमें संभालने जैसा है ही क्या? मैं तो अपना व्हाट्सएप भी ठीक से नहीं संभाल पाती हूं। मेरा कोई मैनेजर भी नहीं है और न ही मैं किसी एजेंसी से जुड़ी हूं। मेरे दोस्त, निर्देशक और निर्माता मुझे अक्सर डांटते रहते हैं कि मैं अपना फोन चेक नहीं करती हूं। श्रद्धा ने आगे कहा, मुझे आलोचनाओं से निपटने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं बस काम करना चाहती हूं और ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहती हूं। बस इतना ही। बता दें श्रद्धा जल्द ही लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'ईधा' में विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभा रही हैं। विठाबाई लावणी और तमाशा की एक मशहूर कलाकार थीं, जिन्होंने महाराष्ट्र के लोक मनोरंजन में अहम योगदान दिया था।

हॉलीवुड मसाला



11 साल की थी, तब कोकीन

ऑफर की गई

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैफने कीन ने हाल ही में पॉडकास्ट में बताया कि महज 11साल की उम्र में उन्हें हॉलीवुड पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी। हालांकि, उन्होंने हमेशा इसके लिए मना किया। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह आज भी शराब और ड्रग्स से दूर रहती हैं। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैफने कीन इन दिनों अपने एक खुलासे को लेकर चर्चा में हैं। 'लोगन' फिल्म में छोटी उम्र में एक्स-23 का किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह महज 11 से 13 साल की थीं, तब उन्हें हॉलीवुड की पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी।



ब्रैड पिट की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिलस। पिता ब्रैड पिट और मां एंजेलिना जोली के बीच चल रही लीगल बैटल के बीच अब उनकी बेटी विवियेने मार्शलीन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सरनेम के आगे से पिता का लास्टनेम 'पिट' हटा दिया है। पिट सरनेम हटवाने के लिए विवियेने ने कोर्ट में अर्जी डाली थी, जिसे अदालत ने मंजूरी दे दी है। क्यों विवियेने ने हटवाया सरनेम और क्या है ये पूरा मामला पढ़ें डिटेल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी विवियेने से पहले उनके सिबलिंग्स जहरा मार्ले जोली और मैडॉक्स चिवन जोली की भी लीगल नेम बदलने की अपील सितंबर में मंजूर हुई थी। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया के एक जज ने सोमवार को सुनवाई के बाद विवियेने मार्शलीन को पिट से जोली सरनेम बदलने की मंजूरी दे दी है। एंजेलिना की बेटी विवियेने ने 18 साल की होते ही 12 जुलाई को कोर्ट में नाम बदलने की अर्जी डाल दी थी।



'मातृभूमि' के ट्रेलर का इंतजार खत्म...

मुंबई। सलमान खान ने 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' हाल ही में जारी किया था, जिसने फिल्म के प्रति लोगों को फिर उत्साहित कर दिया। अब खबर है कि युद्ध ड्रामा पर आधारित इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है। इससे त्योहार के मौसम में दर्शकों के पास जश्न मनाने का एक बड़ा मौका होगा। बताया जा रहा है कि ट्रेलर रिलीज के लिए तैयारी शुरू हो गई है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, 'मातृभूमि' का ट्रेलर आज शुक्रवार 6 नवंबर को मुंबई में लॉन्च होने जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म निर्माता शहर में एक ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च इवेंट की योजना बना रहे हैं, जिसका मकसद त्योहारों के चल रहे उत्साह का फायदा उठाना है। हालांकि, इवेंट शेड्यूल के बारे में प्रोडक्शन हाउस की तरफ से आधिकारिक पुष्टि का अभी इंतजार है।



'जेलर 2' ओटीटी पर 12 को होगी रिलीज

मुंबई। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर धाक जमाने आ रही है। नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित एक्शन-कॉमेडी पिछले महीने 15 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। इसने दुनियाभर में अब तक 800 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार कर लिया है। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में मौजूद है और 21वें दिन तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 466.05 करोड़ रुपये कमा चुकी है। आइए जानते हैं कि इसे ओटीटी पर कब और कहां देख सकेंगे। 'जेलर 2' का 2023 में आया पहला भाग अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। दूसरा भाग इसी प्लेटफॉर्म पर 12 नवंबर, 2026 से उपलब्ध करा दिया जाएगा। फिल्म तमिल के साथ-साथ हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में दस्तक देगी।

टीवी मसाला



'बिग बॉस 20': यंग ने गलफ्रिंड को दिया 10-12 बार धोखा

मुंबई। 'बिग बॉस 20' में ड्रामा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब शो के प्रतियोगी यंग डीएसए ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड समीक्षा को कई बार धोखा दे चुके हैं। दरअसल, घर में उनके परिवार की ओर से एक ऑडियो मैसेज सुनाया गया, लेकिन गर्लफ्रेंड की तरफ से कोई संदेश नहीं आया, जिससे यंग काफी निराश हो गए। यंग ने अपने साथी प्रतियोगी स्काउट ओपी से अपना दुख साझा करते हुए कहा, मैंने समीक्षा को खो दिया है, स्काउट। जब स्काउट ने उन्हें सांत्वना देने की कोशिश की, तो यंग ने खुलासा करते हुए कहा, मैंने उसे बहुत बार धोखा दिया है। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने समीक्षा को लगभग 10-12 बार धोखा दिया है। यह सुनकर स्काउट ने पूछा, फिर भी वह तुम्हारे साथ रही? यंग ने जवाब दिया, नहीं, उसे पता ही नहीं था। यंग की इस बात का मतलब है कि समीक्षा को उनके धोखे के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यंग ने आगे अंदाजा लगाते हुए कहा, शायद जब मैं यहां आया, तब उन्हें इस बात का पता चला होगा। 'बिग बॉस 20' में अपने सफर के दौरान, यंग ने कई बार अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में बात की है। उन्होंने अक्सर उसे अपनी 'पसंदीदा औरत' कहा है और बताया है कि वह उनकी जिंदगी में बहुत खास है।

यूपीएससी करना चाहते थे पंकज कपिल शर्मा के शो में खोला दिल का

मुंबई। कपिल शर्मा का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने 5वें सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर लौट चुका है। हालिया एपिसोड का प्रोमो निर्माताओं द्वारा जारी कर दिया गया है, जिसमें मेहमान बनकर पंकज त्रिपाठी, कॉमेडियन जाकिर खान और एजुकेटर डॉ विकास दिव्यकीर्ति पहुंचे। प्रोमो की शुरुआत कपिल द्वारा तीनों मेहमानों के स्वागत से हुई। इसके बाद माहौल काफी मजाकिया और मस्तीभरा हो गया। इस दौरान पंकज ने बताया कि वह यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। प्रोमो के मुताबिक, पंकज ने विकास के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए बताया कि वह उनसे एक क्लासरूम में मिले थे।इस पर कपिल पूछते हैं कि क्या अभिनेता यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे, तो पंकज ने स्वीकारा कि वह कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करना चाहते थे। इस पर कपिल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, हम सब यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। उनकी यह बात सुनकर शो में मौजूद दर्शक भी हंस पड़े।



'रामायण' में अपने किरदार को लेकर भावुक हुए सनी देओल

मुंबई। नितेश तिवारी की पौराणिक फिल्म 'रामायण' में सनी देओल का 'हनुमान' किरदार खूब चर्चा बटोर रहा है। फिल्म में भले उनका चेहरा न दिखाया गया हो और पोस्ट-क्रेडिट इंट्रोडक्टरी दृश्य में पीछे से उनकी एक झलक दिखाई गई हो, लेकिन सोशल मीडिया पर यह दृश्य छाया हुआ है। इस बीच, सनी ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह भावुक दिखे। दरअसल, वह अपने पिता धर्मेंद्र के फार्महाउस पर पहुंचकर उन्हें याद करते हुए नजर आए हैं।



धर्मेंद्र का फार्महाउस मुंबई के पास महाराष्ट्र की खूबसूरत लोनावाला-खंडाला पहाड़ियों में लगभग 100 एकड़ में फैला हुआ है, जहां दिवंगत अभिनेता सिनेमा की भागदौड़ से दूर सुकून के पल बिताते थे। यह प्रॉपर्टी अपनी नेचुरल सेटिंग और रस्टिक स्टाइल के लिए जानी जाती है, जहां गांव जैसा माहौल है। इसमें बैठने की एक बड़ी जगह और एक गर्म स्विमिंग पूल भी है। बता दें, अभिनेता का 24 नवंबर, 2025 को 89 साल की उम्र में निधन हो गया था।

पिता धर्मेंद्र की याद में डूबे सनी

सनी अपने बेटे करण देओल के साथ दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के फॉर्महाउस पर पहुंचे जिसकी झलकियां उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों फॉर्महाउस पर खड़े हैं और वहां मौजूद खेतों में फसल से जुड़े कुछ काम चल रहे हैं। सनी और करण इस प्रक्रिया को ध्यान से देख रहे हैं। इसके बैकग्राउंड में भावनात्मक गाना चल रहा है। इसके साथ अभिनेता ने कैप्शन दिया, 'आपकी याद आ रही है पापा।'

इमरान हाशमी की 'गनमास्टर जी9' का मोशन-पोस्टर जारी, जेनेलिया संग जमेगी जोड़ी

मुंबई। इमरान हाशमी की फिल्म 'गनमास्टर जी9' इस महीने सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी यह एक्शन-थ्रिलर है, जिसका निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है। इसमें इमरान के साथ जेनेलिया डिसूजा मुख्य किरदार में हैं। फिल्म से अब तक कई गानों को जारी किया जा चुका है और अब निर्माताओं ने नया मोशन-पोस्टर रिलीज किया। इसमें अभिनेता की दमदार झलक के साथ धमाकेदार एक्शन होने का संकेत भी मिलता है।



आयुष्मान को टक्कर देने आएगी 'गनमास्टर जी9'

फिल्म का मोशन-पोस्टर इमरान के किरदार के गुस्सैल अवतार की एक झलक देता है। बैकग्राउंड में एक तीव्र संगीत को शामिल किया गया है। अभिनेता का डायलॉग भी शामिल है जिसमें वह कहते हैं, मेरे इश्क की दुनिया में आओगे तो इस दुनिया से जाओगे। अपारशक्ति खुराना भी 'गनमास्टर जी9' में एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। यह 27 नवंबर को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

'वी वर हियर' से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ीं



मुंबई। प्रियंका चोपड़ा भारतीय शॉर्ट फिल्म 'वी वर हियर' से कार्यकारी निर्माता के तौर पर जुड़ गई हैं। यह कॉमेडी फिल्म प्रणव भसीन ने निर्देशित की है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे लोग एआई के आने से अपनी नौकरी जाने की चिंता में जी रहे हैं, जो आजकल एक बहुत ही आम बात हो गई है।

धर्मेंद्र को मां के किरदार में छोटी लगीं रोहिणी हट्टंगडी, देखते ही दी थी यह सलाह...

रोहिणी को बड़े उम्र के किरदार से नहीं पड़ा फर्क

रोहिणी ने बड़ी उम्र की भूमिकाओं में चुने जाने के बारे में बात करते हुए कहा,"इससे मुझे कभी फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि जब मैं कोई भूमिका निभाती हूं तो वह मेरे लिए एक भूमिका होती है। आप एक किरदार निभा रहे होते हैं। मैं सोचती नहीं हूं कि यह बड़ा है या छोटा है। मैं हमेशा किरदार के अनुसार अभिनय करती हूं। वहीं उन्होंने 'हमसे ना टकराना' के सेट पर धर्मेंद्र के साथ पहली मुलाकात का किस्सा साझा किया।

मुंबई। अभिनेत्री रोहिणी हट्टंगडी ने पर्दे पर कई बड़े सितारों की मां का किरदार निभाया है, जबकि असल जिंदगी में वह उनसे उम्र में छोटी थीं। वह 'अग्निपथ' और 'शहंशाह' में अमिताभ बच्चन और 'हमसे ना टकराना' में धर्मेंद्र की मां बनी थीं। अब रोहिणी ने बताया कि धर्मेंद्र ने एक बार उन्हें ज्यादा मेकअप करने की सलाह दी थी, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि वह उनकी मां का किरदार निभाने के लिए बहुत कम उम्र की लग रही थीं।





'जानी दुश्मन' से इस बार डर और दहशत फैलाने की तैयारी



मुंबई। भूमि पेडनेकर ने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं। इस बार दर्शक उन्हें डर और दहशत फैलाते दिखेंगे, क्योंकि उनकी नई साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म 'जानी दुश्मनः डर के आगे मौत है' का ऐलान किया गया है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला लुक पोस्टर भी जारी कर दिया गया है।





न्यायालय श्रीमान दशम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)
सरोज पटेल एवं अन्य....आवेदकगण
विरूद्ध
नुमान सिद्दीकी एवं 4 अन्य...अनावेदकगण
प्रोसेस नंबर :-377
दावा प्रकरण क्रमांक 2528/2026
पेशी तारीख : 23/11/2026
आदेश दिनांक 04/11/2026

प्रति,
1. रंगमती पटेल उम्र 75 वर्ष पति स्व. मनमोहन लाल पटेल, 2. रूपनारायण पटेल उम्र 53 वर्ष पिता स्व. मनमोहन लाल पटेल, दोनो निवासी बिजनी, पोस्ट रेड़ा, थाना डभरा जिला सक्ती (छ.ग.)

आवेदकगण सरोज पटेल वगैरह ने माननीय न्यायालय के समक्ष दिनांक 10/04/2026 को मुकेश पटेल की मृत्यु होने के संबंध में क्षतिपूर्ति राशि 1,76,25,000/- रू. प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम पेश किया गया है।

आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 23/11/2026 को दिन में 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन में इसलिए आपको उस दिन अपने सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।

टीप :-यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 05/11/26 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(आदित्य जोशी)
दशम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
बिलासपुर (छ.ग.)

प्रभारी सचिव ने ली अफसरों की बैठक, दिए कई निर्देश

योजनाओं की उपलब्धियां केवल आंकड़ों में नहीं, परिणामों में दिखे : पिंगुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा जिले के प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की गहन समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की सफलता केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उनके सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखाई देने चाहिए। योजनाओं का वास्तविक लाभ आम नागरिकों तक पहुंचे और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आए, यही सुशासन की सार्थकता है। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना हम सभी की जिम्मेदारी है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं, नवाचारों एवं विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। श्री पिंगुआ ने बताया कि 15 नवंबर से राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी प्रारंभ की जाएगी। इसके पूर्व धान खरीदी केंद्रों में सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाए। धान खरीदी के मापदंडों के बारे में मुनादी व दीवार लेखन के जरिए अच्छी तरह से प्रचार-प्रसार किया जाए। चेकलिस्ट के अनुरूप तैयारियां पूर्ण कर लिया जाए। धान खरीदी के लिए आने वाले किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसका ध्यान दें। किसानों के लिए छाया, पानी, बैठने की व्यवस्था समुचित रूप से हो। किसान पंजीयन, समितियों के गठन और खरीदी व्यवस्था की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि जिले में 14 नई समितियां गठित की गई हैं।

- सुशासन का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, जनअपेक्षाओं पर खरा उतरें अधिकारी

उन्होंने धान खरीदी से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रभारी सचिव ने पिछले दिनों आए तूफान से हुए नुकसान का सर्वे जल्द कर प्रभावित किसानों को पात्रता अनुसार जल्द राहत दिलाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने बताया कि आवास सर्वेक्षण में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2024-26 में राज्य स्तर में आवास पूर्णता की स्थिति में जिला 56284 आवासों को पूर्ण कर दूसरे स्थान पर है। राज्य स्तर में आवास प्लस 2.0 में सर्वाधिक हितग्राहियों का सर्वे कर जिला प्रथम स्थान पर है। जिले में पीएम जनमन आवास योजना के तहत 959 आवास स्वीकृत थे जिनमें से 803 आवास पूर्ण कर लिए गए है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में कुपोषण दूर करने के लिए संचालित पोठ लईका अभियान की जानकारी दी। प्रभारी सचिव ने पोषण संबंधी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और बच्चों के पोषण स्तर में वास्तविक सुधार लाने पर जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि जिले में 84 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ ने कहा कि बारिश समाप्त होने के बाद अब सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों में तेजी लाए। लगभग 120 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन एजुकेशन हब सिटी का कार्य शीघ्र पूर्ण करने पर भी जोर दिया। श्री पिंगुआ ने अवैध खनन पर सतत निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, एडीएम विरेंद्र बहादुर पंचभाई आदि मौजूद थे।

सवारी आटो को कार ने मारी टक्कर, 8 घायल, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। सवारी आटो को तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी, आटो के पलटने से नीचे दबकर एक ही परिवार के 8 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, मंगला शुभम विहार निवासी सागर सूर्यवंशी पिता हरप्रसाद सूर्यवंशी आटो चालक हैं। 2 नवबंर को वे परिवार के लोगों को आटो से रतनपुर ले गए थे। 3 नवंबर की सुबह सभी आटो से लौट रहे थे। गतौरी मोपका बाइपास चौक ओवरब्रिज के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए आटो को टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में आटो अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें सवार सागर सूर्यवंशी, प्रभा सूर्यवंशी, राहुल, पारस, माधुरी, अमरिका, प्रदुमन, नीरू, संगीता दबकर घायल हो गए।

पकड़े गए 15 जुआरी

बिलासपुर। पुलिस ने अलग अलग फड़ में दबिश देकर जुआ खेलते 15 जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सूचना पर पुलिस नूतन चौक बंगालीपारा में दबिश देकर जुआ खेलते राजा ठाकुर, आयुष यादव, यश यादव, हिमांशु शर्मा, अमन तिवारी, समीर यादव, मानस यादव, कुलदीप सोनकर, गनपत राजपूत को पकड़ लिया।

बिजली कटौती और ट्रिपिंग से परेशान उद्योगपतियों ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिलपहरी, सिरगिट्टी सेक्टर एबीसी एवं तिफरा में अघोषित विद्युत कटौती, ट्रिपिंग से परेशान होकर उद्योग पतियों ने छग लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया, अध्यक्ष सतीश शाह, जिला उद्योग संघ के महासचिव शरद सक्सेना के नेतृत्व में 50 से ज्यादा उद्योगपतियों के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को छत्तीसगढ विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता कार्यालय में कार्यकारी निदेशक अलोक अम्बस्ट एवं सभी औ. प्रेक्षेत्र के इंचार्ज अधिकारियो की उपस्थित में विद्युत प्रदाय में आ रही गंभीर समस्याओं पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ट्रिपिंग की समस्या –दिनभर में 10-15 बार या ज्यादा बार ट्रिपिंग, अघिषित विजली कट –बिना पूर्व सूचना के अचानक से विद्युत प्रदाय दिन में कई बार बंद होना, शट डाउन – दिन में कई बार अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के शट डाउन लेना, सुधार कार्य देरी – विद्युत व्यवस्था को जल्द बहाल करने में कोई रूचि नहीं, जम्पर टूटना, डीओ गिरना, फ्यूज कंप्लेंट अटेंड करने में देरी, विद्युत कटौती –सिलपहरी के बड़े उद्योगों में अघोषित विद्युत कटौती होना बड़ी समस्या है।

मंगलवार को आयोजित सभा में करोडों का राजस्व देने वाले उद्योग पतियों ने बहुत नाराजगी, गुस्सा प्रगट किया । आयल मिल, दाल मिल, प्लास्टिक उद्योग एवं अन्य सतत उत्पादन वालो उद्योगों को अचानक ट्रिपिंग हो जाने से लाखो का नुकसान हो रहा है। उपरोक्त सभी समस्याओ के बारे में चर्चा की गई, कार्यकारी निदेशक अलोक अबष्ट ने सभी समस्यायों को सुना समझा और उपस्थित अधिकारियो को निर्देश जारी किए गए हैं।

एनएसयूआई की पुरानी कार्यकारिणी भंग, नए चेहरों को मिलेगा मौका

संगठनात्मक बदलाव की चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई में जिलाध्यक्ष बदले जाने के बाद संगठनात्मक बदलाव की तैयारी चल रही है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रंजेश सिंह जल्द ही एनएसयूआई के नए जिला कार्यकारिणी का गठन करेंगे, जिसमें नए चेहरों को मौका मिलेगा। वहीं पुराने पदाधिकारियों वाली जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है।

- नयनियुक्ति जिलाध्यक्ष रंजेश करेंगे नए कार्यकारिणी का गठन

एनएसयूआई के नए जिलाध्यक्ष रंजेश सिंह ने अपने नए कार्यकारिणी गठन की तैयारी कर रहे हैं। रंजेश सिंह ने पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के समय के पुराने पदाधिकारियों वाले कार्यकारिणी को आज तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। एनएसयूआई जिला बिलासपुर में संगठनात्मक मजबूती एवं छात्रहित के आंदोलनों को नई गति देने के उद्देश्य से जल्द ही जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस संबंध में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रंजेश सिंह का कहना है कि जिले में संगठन को और अधिक सक्रिय, मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। एनएसयूआई में मेहनती, सक्रिय, संघर्षशील एवं छात्रहित के लिए समर्पित नए चेहरों को संगठन में आगे बढ़ने का अवसर दिया जाएगा। संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाकर कालेज एवं यूनिवर्सिटी स्तर पर एनएसयूआई की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। जल्द ही जिले में विधानसभा अध्यक्षों, जिला कार्यकारिणी एवं कालेज कार्यकारिणी की नियुक्ति की जाएगी। इससे संगठन की पहुंच प्रत्येक कालेजों एवं विधानसभा तक सुनिश्चित हो सके। नई कार्यकारिणी के माध्यम से छात्र-छात्राओं की समस्याओं को मजबूती से उठाने तथा उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। जिलाध्यक्ष रंजेश सिंह ने बताया कि पूर्व में नियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है। आगामी संगठनात्मक गठन में सक्रियता, कार्यक्षमता एवं संगठन के प्रति समर्पण को प्रमुख आधार बनाया जाएगा। एनएसयूआई आने वाले समय में छात्रहित के मुद्दों पर और अधिक मजबूती से संघर्ष करेगी तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए प्रयास करेगी।

केशव की दो कृतियों का किया गया विमोचन

बिलासपुर। साहित्यिक एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलम प्रतिबिंब सृजन संगठन के तत्वावधान में एक भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं उपन्यासकार केशव शुक्ला की दो महत्वपूर्ण साहित्यिक कृतियों—'तीसरे लोग' (उपन्यास) एवं 'अंतरंग काव्य सरोवर' (साझा काव्य संग्रह) का गरिमामय लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विनय कुमार पाठक रहे। समारोह की अध्यक्षता पूर्व न्यायमूर्ति डॉ. चंद्रभूषण वाजपेयी ने की।



विशिष्ट अतिथियों डॉ. प्रद्युम्न कुमार सिन्हा तथा डॉ. रमेश चंद्र श्रीवास्तव थे। दोनों साहित्यिक कृतियों का विधिवत लोकार्पण किया गया। वक्ताओं ने साहित्य की सामाजिक भूमिका, समकालीन विषयों की प्रासंगिकता तथा साहित्यिक सृजन के माध्यम से समाज में सकारात्मक चेतना के विस्तार पर अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन डॉ. किरण राठौर द्वारा किया गया।

डी.पी. विप्र कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का पूर्वाभिमुखीकरण

बिलासपुर। स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, गतिविधियों, कार्यप्रणाली एवं सामाजिक दायित्वों से परिचित कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में पूर्वाभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप प्राचार्य, नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक शैक्षणिक गतिविधि अथवा प्रमाण पत्र प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं के व्यक्तित्व विकास एवं समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। मुख्य अतिथि राजकुमार अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. एम.एस. तम्बोली ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।



खबर संक्षेप

बिर्रा में धूमधाम से मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वी जयंती



बिर्रा। ग्राम पंचायत बिर्रा के कुर्मी भवन में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच, प्रबुद्ध भारती बिर्रा, कन्नौजिया कुर्मी ग्रामवासी एवं युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कुर्मी सामुदायिक भवन में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण, सामाजिक एकता और अखंड भारत के निर्माण में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला गया। मोहनलाल कश्यप ने सरदार पटेल के जीवन एवं उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि देव नारायण कश्यप ने सामाजिक एकीकरण एवं कुर्मी चेतना पंचांग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर डॉ. हेमंत कश्यप द्वारा युवा संगठन के तत्वावधान में नवनियुक्त अध्यक्ष विष्णु अवतार कश्यप को शपथ ग्रहण कराया गया। साथ ही पूर्व अध्यक्ष द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष को पदभार सौंपा गया। इस संबंध में कुर्मी समाज के श्रेष्ठ सदस्य बुद्धेश्वर कश्यप ने बताया कि प्रमुखजनों, विशिष्ट अतिथियों एवं ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में ग्राम बिर्रा से मणिलाल कश्यप, अवध बिहारी कश्यप,क्रांति कश्यप,संतोष कश्यप,प्रमोद कश्यप,जयराम कश्यप,खोगेंद्र कश्यप,राम सेवक कश्यप,धनेश कश्यप,तेजराम कश्यप,नेतराम कश्यप,फेकू राम कश्यप,लक्ष्मी कश्यप,हीरालाल कश्यप,उमाशंकर कश्यप,शशि भूषण कश्यप,रामकुमार कश्यप,श्रवण कश्यप, भरत कश्यप,माखन कश्यप ,पंचराम कश्यप,मनी कश्यप, अभिराम कश्यप,महाराम कश्यप, धनेश्वर कश्यप,मनोज कुमार तिवारी आदि ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रबुद्घ भारती बिर्रा के अध्यक्ष बुद्धेश्वर कश्यप तथा अंत में आभार खमहन कश्यप, पिताम्बर कश्यप ने किया।

बोरसी में विराट महालक्ष्मी पूजा उत्सव आज से

बिर्रा। ग्राम बोरसी के भाठापारा में दीपावली पर्व के अवसर ग्रामवासियों के सहयोग से 6 नवंबर से 11 नवंबर तक छह दिवसीय विराट महालक्ष्मी पूजा उत्सव समिति एवं जिला स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव के दौरान मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान, जसगीत प्रतियोगिता और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। धार्मिक कार्यक्रम में व्यासपीठ पर विराजमान पंडित देवकीनंदन तिवारी सिलादेही वाले होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 6 नवंबर को धनतेरस के अवसर पर कलश यात्रा,देवी प्रतिमा स्थापना एवं पूजा-अर्चना के साथ होगी। 7 नवंबर को नरक चतुर्दशी एवं देवी पूजा, 8 नवंबर रविवार को महालक्ष्मी पूजा, कुबेरादि पूजन एवं दीपावली का पर्व श्रद्धा और 365 दीपमालिका पूजन उल्लास के साथ मनाया जाएगा। 9 नवंबर सोमवार को जसगीत फाइनल प्रतियोगिता, 10 नवंबर मंगलवार को हवन पूजन एवं भव्य डांस प्रतियोगिता तथा 11 नवंबर बुधवार को मूर्ति विसर्जन के साथ उत्सव का समापन होगा। जसगीत प्रतियोगिता में 21 हजार का प्रथम पुरस्कार तथा डांस प्रतियोगिता में 11 हजार का प्रथम पुरस्कारदिया जाएगा।

दो पाठ्यक्रमों में प्रथम स्थान हासिल कर ज्योति ने जीते दो स्वर्ण पदक



बम्हनीडीह। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले की श्रीमती ज्योति सोनी ने दो स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर के दीक्षांत समारोह में उन्हें बी.लिब. और एम.लिब. दोनों पाठ्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय में 3 नवंबर को आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायकगण, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में श्रीमती ज्योति सोनी को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए दो स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। श्रीमती ज्योति सोनी, स्वर्गीय लीलाम्बर प्रसाद सोनी की पुत्रवधू एवं तनेन्द्र कुमार सोनी की पत्नी हैं। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (बी.लिब.) तथा सत्र 2025-26 में मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (एम.लिब.) में प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों ही पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक जीतना उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। ज्योति सोनी की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे जांजगीर-चांपा जिले के लिए गौरव का विषय है। उनकी सफलता ने साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि विभाग की योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

जिला पंचायत की बैठक में विकास का एजेंडा तय सरपंचों से लेकर किसानों तक पर रहा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक को संबोधित करती जिला पंचायत अध्यक्ष।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में हुई। बैठक में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान पूर्व सामान्य सभा की बैठक में पारित प्रस्तावों के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों से कार्यों की अद्यतन जानकारी ली गई।

जिला पंचायत सभाकक्ष में गुरुवार 5 नवंबर को जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी की अध्यक्षता में बैठक में हुई। बैठक में कहा कि जिला पंचायत से संबंधित कार्यों के त्वरित निराकरण हेतु प्रत्येक माह सरपंचों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वन विभाग द्वारा कराए गए पौधरोपण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सदस्यों ने वन विभाग द्वारा कराए गए पौधरोपण कार्यों की वास्तविक स्थिति एवं उनके संरक्षण की जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही कैम्पा मद से जिले में विभिन्न स्थानों पर कराए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत करने कहा गया। बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत संचालित प्रचार-प्रसार गतिविधियों, व्यय एवं लाभार्थियों की जानकारी की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सदस्यों ने आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था एवं संचालन की जांच के लिए समिति गठित कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्रों एवं संबंधित संस्थानों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता के विषय पर चर्चा करते हुए ग्राम पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में साइबर ठगी से बचाव, स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर की जानकारी देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने कहा गया। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत विगत एक वर्ष में लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या, योजना पर हुए व्यय तथा हितग्राहियों के माता-पिता की सहमति संबंधी दस्तावेजों की जानकारी दी गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत संचालित सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सदस्यों ने सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग से संबंधित योजनावार आय-व्यय की जानकारी पर भी चर्चा की गई। बैठक में जनहित से जुड़े विषयों पर गंभीरता से कार्य करने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने बैठक में पूर्व बैठक के प्रस्तावों एवं पालन प्रतिवेदन की समीक्षा के साथ विभिन्न विभागों के कार्यों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में आगामी धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि किसानों को टोकन, धान विक्रय एवं भुगतान सहित किसी भी प्रक्रिया में परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी खरीदी केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने, एटीएम सुविधा उपलब्ध कराने तथा पारदर्शिता के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को शिक्षकों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच, दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई तथा विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शासकीय कार्यों के लिए ई-फाइल प्रणाली के अनिवार्य उपयोग तथा शाखाओं के प्रभार में आवश्यक बदलाव कर कार्यालयीन व्यवस्था बेहतर बनाने कहा गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन कुमार जयुपरिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह क्षत्री, राजकुमार साहू, श्रीमती संतोषी सिंह रात्रे, श्रीमती प्रमिला साहू,महादेव नेताम, श्रीमती उर्मिला यादव, श्रीमती बबीता रात्रे, श्रीमती शशिकला सिंह, श्रीमती उमा राठौर, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, सुश्री आशा साव, सांसद प्रतिनिधि विवेका गोपाल, वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, प्रभारी उपसंचालक पंचायत बरन सिंह मंडावी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

गड्ढे में तब्दील हुआ राजमार्ग वाहन चालकों को हो रही परेशानी



सड़क में बना गड्ढा व उसमें भरे पानी के बीच से होकर गुजरते वाहन चालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

लोक निर्माण विभाग संभाग चांपा के अंतर्गत बिर्रा में राज्य मार्ग तालाब में तब्दील हो गया है। मार्ग-मार्ग में जगह-जगह बने गड्ढे व उसमें पानी भरे होने से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के किकिरदा रोड में शराब भट्टी के पास में राज्य मार्ग तालाब में तब्दील हो गया है। मार्ग में जगह-जगह जानलेवा गड्ढे बन जाने एवं उसमें पानी भरे होने के चलते वाहन चालकों को समझ नहीं आ रहा है कि गड्ढा कहां है व सड़क कहां है। इस राज्य मार्ग पर कई जगहों पर बड़े-बड़े तालाब नुमा गड्ढा में 1 से 2 फीट तक पानी भरा हुआ है। जिसके कारण इस राज्य मार्ग में रोजाना हजारों की तादाद में चलने वाले वाहन चालकों को गड्ढा का अंदाजा नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से हादसे में चोटिल वाहन चालको को अस्पताल पहुंचाया जाता है। तक ले जाया गया है। बावजूद इसके मरम्मत को लेकर जिम्मेदार विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं है। लोगों का कहना है कि प्रदेश में शिक्षा, सड़क और बिजली, पानी के नाम पर प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे है बावजूद सड़कों की बद् से बद्तर स्थिति में रहना समझ से परे है। आने जाने वाले वाहन चालकों ने जिला के मुखिया कलेक्टर से शीघ्र ही सड़क मरम्मत करवाने की मांग की हैं।

राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए अकलतरा की दो छात्राओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला, अकलतरा की दो प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। कक्षा 11वीं की छात्राएं प्रिया खांडेकर एवं पायल कैवर्त्य का चयन 32वीं राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

विद्यालय के विज्ञान क्लब के अंतर्गत मार्गदर्शक शिक्षक जी.पी. देवांगन के निर्देशन में विद्यार्थियों ने कोटमी सोनार में आयोजित जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 में भाग लिया था। प्रतियोगिता के मुख्य विषय 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' के उपविषय 'स्वास्थ्य, कृषि एवं भोजन' पर आधारित प्रिया खांडेकर एवं पायल कैवर्त्य की परियोजना ने निर्णायकों को प्रभावित किया। दोनों छात्राओं ने अपनी परियोजना का उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया, जिसके आधार पर उनका चयन आगामी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। छात्राओं की इस सफलता पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, सहसचिव पंकज दोषी, कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन, आय-व्यय निरीक्षक विकास केडिया एवं ट्रस्ट के समस्त सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा, विज्ञान क्लब प्रभारी आर.के. पाण्डेय सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं की उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही आगामी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अकलतरा क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान मॉडल का प्रदर्शन करते छात्र।

गुंजन एजुकेशन सेंटर स्टेशन रोड सक्ती में जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सक्ती के सभापति आयुष शर्मा रहे। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में करम सिंह सिदार, महेंद्र कुमार चंद्रा, प्रमोद देवांगन, श्रीमती सविता तिवारी, संतोष तिवारी, संतोष अनंत, छबि राठौर उपस्थित रहे।

- गुंजन एजुकेशन सेंटर में जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

इस जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल प्रदर्शन, विज्ञान क्विज एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और नवाचार का सराहनीय प्रदर्शन किया। सभी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां प्रशंसनीय रहीं। गुंजन एजुकेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं के मोहित अग्रवाल ने ग्रीन एनर्जी विषय पर मॉडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान, कक्षा 12वीं के विनय पटेल ने साइंस एंड रूरल ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर मॉडल प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान तथा कक्षा 11वीं की खुशबू सुमन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर मॉडल प्रस्तुत कर जोन स्तरीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता के लिए भी चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक नितिन सोनी ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन, रचनात्मक सोच एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी इसी प्रकार नए प्रयोग करने और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकगण गोविंद दास, तुलेश चंद्रा, पुष्पा यादव, पीयूष यादव, देविका पटेल, सारिका सोनी, काजल महंत, खुशबू खान, सोनिया सोनवानी, भूमेश यादव, शिवशंकर साहू, नीतू यादव, ज्योति देवांगन, नेहा गुप्ता, कविता देवांगन, भुवनेश्वरी माणिकपुरी, सौम्या महंत, पूनम यादव, शांति यादव, जया केंवट, सरला यादव एवं अंजलि पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

व्यावसायिक शिक्षा में आईटी विषय के बच्चों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



औद्योगिक भ्रमण करने पहुंचे छात्र-छात्राएं।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों ने जैजैपुर में स्थित ऑर्बिट कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में औद्योगिक भ्रमण किया।

विद्यालय के आई टी विषय के शिक्षक अनिल प्रकाश बंजारे ने 2 दिनों में चारों कक्षाओं के बच्चों को उक्त संस्थान में भ्रमण कराया। संस्थान के संचालक हेमंत कैवर्त्य ने चारों कक्षाओं के बच्चों को टाइपिंग, स्प्रेडशीट, बेसिक कंप्यूटर, आईसीटी, कीबोर्ड,पावरप्वाइंट इत्यादि के बारे में बहुत ही सराहनीय ढंग से वर्णन किया एवं प्रैक्टिकल कराया। आईटी विषय के बच्चों में आराधना, चंचल, वर्षा, लिशा, सुधा, प्रतिभा, दिव्या, लक्ष्य, हिमांशी, अनीता दीप्ति, हर्षिमी,ज्योति, खेमराज खुशबू, किशन, प्रिया, रिंकी, शेखर, उन्नति, उज्जैनी, रिद्धि, आकृति, अमित, आयुष, गौरी, करीमा, किरण,साक्षी, संगीता, सरस्वती शिवानी, शिवरात्रि,सिम्मी, सुहाना, स्वाती,पवन, तृप्ति, यामिनी अदिति, भरत, भावना, नंदु,निखिल, पूजा, राहुल, प्रतीक, प्रिया, शालू, संचिता, सिमरन सहित 160 बच्चे शामिल हुए। औद्योगिक भ्रमण से बच्चे बहुत ही ज्यादा उत्साहित एवं खुश थे। औद्योगिक भ्रमण के सफलता पूर्वक पूरा होने पर विद्यालय प्राचार्य राजकुमार प्रजापति ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

श्रीराम सत्य, धर्म और आदर्श जीवन के प्रतीक : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



समीपस्थ ग्राम जर्वे व ग्राम महंत में आयोजित अखण्ड नवधा रामायण के पावन धार्मिक आयोजन में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तरोत्तर विकास की कामना की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक आराध्य देव ही नहीं, बल्कि सत्य, धर्म, त्याग, मर्यादा, करुणा और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। उनका संपूर्ण जीवन मानव समाज को धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन में माता-पिता की आज्ञा का पालन, भाईचारे, मित्रता, नारी सम्मान, प्रजा के प्रति समर्पण और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने का अनुपम संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का नाम मात्र लेने से मन को शांति और आत्मा को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। रामायण का श्रवण एवं संकीर्तन मनुष्य के जीवन में सद्विचार, संस्कार और भक्ति भाव का संचार करता है। अखण्ड नवधा रामायण जैसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही समाज में प्रेम, सद्भाव, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सत्य, सेवा, विनम्रता और परोपकार को अपनाना चाहिए। भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही एक आदर्श परिवार, संस्कारित समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस दौरान कमल कश्यप, योगेश कश्यप, बाला राम कश्यप, गोपाल कश्यप, गोपाल कश्यप,रविन्द्र यादव, तेजराम कश्यप, गणेशराम कश्यप, राकेश कश्यप, विजय साहू, मंगला साहू, राजेश कश्यप सहित ग्राम के श्रद्धालुजन, एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- अखण्ड नवधा रामायण में शामिल हुए जिला पंचायत के सभापति

समाज को एक करने का संकल्प स्वयं लेना होगा : बघेल



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।



लोगों से भेंट मुलाकात करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151 जयंती के अवसर पर गुरुवार 5 नवंबर को कुर्मी समाज द्वारा कोसला में निर्मित सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन एवं उनके भव्य प्रतिमा का अनावरण पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का देश की आजादी में अतुलनीय योगदान है। उन्होंने 565 छोटे छोटे रियासतों को एक करके एक नए भारत का निर्माण किया है। उन्होंने सभी किसानों को संगठित कर अंग्रेजी टेक्स की अवहेलना भी की और सभी को संगठित होना सिखाया है। हमें भी बिखरे हुए समाज को संगठित करने का संकल्प स्वयं लेना होगा। कार्यक्रम को जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू,जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन कश्यप, दिनेश शर्मा, श्रीमती मंजू सिंह, रवि भारद्वाज भी मंचस्थ थे । कार्यक्रम में स्वागत भाषण व्यास वर्मा एवं संचालन उदल कश्यप ने किया। इस अवसर पर कुर्मी समाज के प्रमुख रामप्रसाद कुर्मी, फिरतराम कुर्मी, राजाराम कश्यप, राजकुमार कश्यप, देवी प्रसाद कौशिक, रूपेश कश्यप, रवि वर्मा, दिलीप कश्यप, अशोक कश्यप, नोखराम वर्मा, रामपुकार कश्यप, सुरेन्द्र कश्यप, किशोरी कश्यप मुकेश कश्यप सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी एवं समाज के लोग उपस्थित थे। इसके पूर्व बारगाव पहुंचने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लव तिवारी के नेतृत्व में ग्राम सरपंच की उपस्थिति में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भव्य स्वागत किया। इस दौरान दिनेश थवाईत, ललित नायक, रामायण पटेल,योगेश्वर सिंह पंकज नायक सुशील तिवारी विनोद यादव सहित सैकड़ों ग्राम वासी उपस्थित थे ।

- सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा अनावरण एवं भवन का हुआ लोकार्पण

